सामूहिक धर्मान्तरण की समस्या

2355. **श्री नरेन्द्र मोहन** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सामूहिक धर्मान्तरण की समस्या के सबंधं में जानकारी है,

(ख) क्या सरकार इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए वर्ष 1950 में स्वयं द्वारा गठित समिति के निष्कर्षो से सहमत है, और

(ग) किन कारणों से पिछली सरकारों ने इस समिति के निष्कर्षो के आधार पर सामूहिक धर्मान्तरण को रोकने की आवश्यकता को महत्व नहीं दिया?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) भारत के संविधान के अनुच्छेद 25(1) के अनुसार, सभी व्यक्तियों को अन्तःकरण की ओर धर्म के अवाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्राप्त है बशर्ते कि लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य प्रभावित न हों। चूंकि "लोक व्यवस्था" संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की सूची-II की मद संख्या – । पर हैं, अतः धर्म परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से निपटना राज्य सरकारों का कार्य हैं।

(ख) सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन करने की समस्या का हल खोजने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 1950 में किसी समिति का गठन नहीं किया गया था

(ग) प्रश्न नहीं उठता है।

Fake Employment Bureau

2356. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have received complaints about operation of several fake employment bureau and companies registering job seekers, with false promises of securing them jobs abroad, collecting huge sums as fees and duping them of their hard earned savings and collections;

(b) if so, what steps have been taken for regulating their operations properly and screening out the fake companies; and

(c) the number of persons reported to have been so duped during 1997,1998 and 1999, so far?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Drug abuse by children in Delhi

2357.SHRIMATI JAYAPRADA NAHATA:
Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that 75 per cent of the Capital's street children are victims of drug abuse;

(b) whether a few months ago, the Juvenile Justice Welfare Board had issued an order, directing the Delhi police to round up street children from Delhi roads and to produce them before the Board; and

(c) if so, how many children have been apprehended by the Delhi Police and the action taken against them?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) The Government of the National Capital Territory of Delhi have reported that they have not carried out any specific study on this subject. However, none of the 175 child beggars picked up by Delhi Police during last six months upto 28th February, 1999 was found in possession on drugs.

(b) Juvenile Welfare Board, Delhi had in its order dated the 13th November, 1998, inter-alia, directed Delhi Police and other agencies concerned to pick up the child-beggars in Delhi and produce them before the Board for appropriate orders.

(c) Delhi Police picked up 175 child beggars during the last six months upto 28th February, 1999 and they were sent to juvenile homes.

विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा

2358. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में विदेशी पर्यटकों के साथ छेड़छाड़, धोखाधड़ी और राहजनी की वारदातें आम हो गई हैं

(ख) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या यह सच है कि राजस्थान में किसी आस्ट्रेलियाई महिला के साथ दुर्व्यवहार जैसे कई मामलों में अक्सर कोई कार्रवाई नहीं होती है, और